Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited
CIN No.: U85100BR2010SGC015886

BMSICL
(A Govt. of Bihar undertaking)

पत्रांकः– BMSIC/80060/25-2021/9054 दिनांकः–22/02/2022

प्रेषक,

इन्द्रजीत कुमार
मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना)
बी.एम.एस.आई.सी.एल., पटना।

सेवा में,

M/s Sciemed Healthcare Pvt. Ltd.
5th Floor Abhay Bhawan Fraser Road
Dist.-Patna.

विषयः–Supply Installation Testing and Commissioning of Oxygen Pipeline System on 100 Bed at Sadar Hospital Nalanda, Rohtas & Gaya **का कार्य में विलंब के कारण डिबार करने के संबंध में।**

प्रसंगः–इस कार्यालय का पत्रांक–8107 दिनांकः–27.01.2022 एवं 8512 दिनांकः–04.02.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि विषयांकित कार्य को 01 माह में पूर्ण करना था, परंतु लगभग 02 माह के उपरांत भी आपके द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। प्रारंभ से ही विषयांकित कार्य के प्रति आपकी उदासीनता एवं संसाधनों की कमी के कारण कार्य की प्रगति धीमी पाई गई है एवं अनावश्यक रूप से कार्य को कई बार बंद कर दिया गया है। विदित हो कि कार्य पूर्ण करने के संबंध में प्रासंगिक पत्रों एवं दूरभाष के माध्यम से अनेंको बार आपको निदेशित किया गया फिर भी आपके द्वारा कार्य को आज तक पूर्ण करने की दिशा में कोई यथोचित दिलचस्पी नहीं दिखाई जा रही है, जो कार्य के प्रति आपकी घोर लापरवाही एवं शिथिलता को दर्शाता है, जिसके कारण सरकार द्वारा स्वीकृत इस परियोजना का लाभ जनता तक नहीं पहुँच पा रहा है।

अतः एकरारनामा की कडिंका 3.3 एवं 4.8 के अनुसार Supply Installation Testing and Commissioning of Oxygen Pipeline System on 100 Bed at Sadar Hospital Nalanda, Rohtas & Gaya का कार्य को पूर्ण करने तक आपको किसी भी निविदा में भाग लेने से वंचित (डिबार) किया जाता है, साथ ही निर्देश दिया जाता है कि कार्य में प्रगति लाते हुए शेष कार्य को दिनांक–28.02.2022 पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा कार्य पूर्ण नहीं करने पर कार्य का एकरारनामा रदद् कर आपके सुरक्षित जमा राशि को जब्त करते हुए आपके फॉर्म को कालीकृत करने हेतु नियमानुसार अन्य आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी।

विश्वासभाजन

22/2/22

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

4th Floor, Bihar State Building Construction Corporation Limited
Hospital Road, Shastri Nagar, Patna-800 023
Phone/Fax: +91-612 2283287, +91 612 2283288
www.bmsicl.gov.in

ज्ञापांकः– BMSIC/80060/25-2021/9054 दिनांकः–22/02/2022

प्रतिलिपिः–श्री विकास कुमार झा, उपमहाप्रबंधक (निरू0), BMSICL, को सूचनार्थ प्रेषित।

22/2/22

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSIC/80060/25-2021/9054 दिनांकः–22/02/2022

प्रतिलिपिः– श्री मोहित कुमार, प्रबंधक (सिस्टम), BMSICL, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशानुसार अनुरोध है कि उपरोक्त के आलोक में पत्र को BMSICL के वेबसाईट पर संवेदक के डिबार लिस्ट में प्रकाशित किया जाए।

22/2/22

मुख्य महाप्रबंधक (परि0)